# हिमाचल प्रदेश बारहवीं विधान सभा

**(अष्टम् सत्र)**

**मौखिक उत्तर हेतु प्रश्न**

## शुक्रवार, 13 मार्च, 2015/22 फाल्गुन, 1936 (शक्)

----

**[सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री - वन मंत्री - शहरी विकास मंत्री तथा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ].**

**कुल प्रश्न - 15**

----

### पौधों की खरीद

***1517 श्री महेन्द्र सिंह (धर्मपुर):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी किः-

(क) वर्ष 2013-14 व 2014-15 में कितने पौधे सेब, प्लम,नाशपाती, आम, अनार आदि के प्रदेश/देश/विदेश से किन-किन दरों पर खरीदे गए; ब्यौरा वर्षवार दें;

(ख) प्रदेश में यह पौधे किन-किन नर्सरियों से खरीदे गए; ब्यौरा वर्षवार व नर्सरियों के नाम पते सहित दें; और

(ग) वर्तमान में बागवानों को नए उद्यान लगाने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए कौन-कौन सी योजनाएं चल रही हैं; ब्यौरा दें?

----

### नागरिक अस्पताल मनाली में रिक्तियां

***1518 श्री गोविन्द सिंह ठाकुर (मनाली):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) वर्तमान में नागरिक अस्पताल मनाली में कितने बिस्तरों की क्षमता है और यहां कितने आवासीय और अन्य कमरे हैं और क्या इसे पचास बिस्तरों वाले अस्पताल का दर्ज़ा प्राप्त है;

(ख) इस अस्पताल में कितने चिकित्सकों, पैरा-मैडिकल, चतुर्थ श्रेणी तथा स्टाफ नर्सिज़ के पद सृजित व कितने रिक्त हैं; ब्यौरा दें; और

(ग) सरकार क्या इस अस्पताल में और भवन निर्माण करने का विचार रखती है ?

----

**Filling-up of Vacant Posts**

*1519 **Shri Mohan Lal Brakta (Rohru):**

Will the **Urban Development Minister** be pleased to state that:-

(a) presently how many posts including Executive Officer, sweepers and other categories are lying vacant in the Nagar Parishad Rohru;

(b) by when these posts will be filled-up; and

(c) how much budget/money is lying unspent in the Nagar Parishad Rohru; datails be given?

----

**स्वाइन फ्लू के मामले**

*1520 **श्री सतपाल सिंह सत्ती (ऊना) :**
**श्री गुलाब सिंह ठाकुर (जोगिन्द्रनगर) :**
**श्री जय राम ठाकुर (सिराज़) :**
**श्री हंस राज(चुराह) :**
**श्री इन्द्र सिंह (सरकाघाट) :**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) प्रदेश में दिनांक 1.1.2015 से 15.2.2015 तक कितने मामले स्वाइन फ्लू के सामने आए;

(ख) इनमें से कितने व्यक्तियों की मृत्यु हुई और कहां-कहां; पूर्ण ब्यौरा दें;

(ग) प्रदेश में स्वाइन फ्लू के टैस्ट की सुविधा किस-किस अस्पताल में है और क्या इन अस्पतालों में टैस्ट करने वाली मशीनें ठीक कार्य कर रही हैं; और

(घ) सरकार क्या प्रदेश के क्षेत्रीय अस्पतालों में भी इस रोग के उपचार व टैस्ट की सुविधा उपलब्ध करवाने का विचार रखती है; ब्यौरा दें?

----

## टी0डी0 हेतु आवेदन

***1521 श्री विनोद कुमार (नाचन):**

क्या **वन मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) दिनांक 15-02-2015 तक नाचन विधान सभा चुनाव क्षेत्र के अन्तर्गत कितने व्यक्तियों ने T.D. हेतु आवेदन किया है; ब्यौरा नाम व पते सहित दें;

(ख) अभी तक कितने पात्र व्यक्तियों को T.D. वितरित की गई; और

(ग) वर्तमान में T.D. वितरण के क्या माप-दण्ड हैं; विवरण दें?

----

## भाखड़ा विस्थापितों को प्लॉट आबंटन

***1522 श्री बम्बर ठाकुर (बिलासपुर):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि सरकार ने भाखड़ा विस्थापितों के ऋणों को माफ किया है;

(ख) यदि हां, तो सरकार द्वारा इस बारे किए गए मिनी सैटलमैंट का ब्यौरा दें और दिनांक 15.02.2015 तक कितने परिवारों को प्लॉट दिए जा चुके हैं और कितनों को दिए जाने शेष हैं;

(ग) सरकार शेष बचे परिवारों को कब तक प्लॉट देने का विचार रखती है; ब्यौरा दें; और

(घ) सरकार द्वारा विस्थापित हुए लोगों के 150 वर्ग मीटर भूमि तक किए गए कब्ज़ों को नियमित करने के फैसले के अन्तर्गत दिनांक 15.02.2015 तक कितने कब्ज़ों को नियमित किया गया; ब्यौरा दें ?

----

## Construction of Building

***1523 Smt. Asha Kumari (Dalhousie):**

Will the **Health & Family Welfare Minister** be pleased to state that:-

(a) what is the estimated cost of new building of Civil Hospital Dalhousie;

(b) how much money has already been spent on the construction of this building; and

(c) how much additional amount is required to complete the building ?

----

## बिजली के बिलों का भुगतान

*1524 **श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू):**

क्या **शहरी विकास मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) वर्तमान में प्रदेश में कितनी स्थानीय निकाय हैं और इनमें से कितने नगर परिषद् व कितनी नगर पंचायतें हैं; इन निकायों में लगी Street Lights के बिजली के बिलों के भुगतान की कितनी-कितनी धनराशि शेष है; ब्यौरा दें; और

(ख)यह सत्य है कि Regulatory Commission ने इन बिजली के बिलों के भुगतान हेतु Commercial Rate Notify किए हैं; यदि हां, तो सरकार ने इस के समाधान हेतु क्या पग उठाए हैं ?

----

## सीवरेज ट्रीटमैंट प्लांट

*1525 **श्री गोविन्द सिंह ठाकुर (मनाली):**

क्या **शहरी विकास मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) वर्तमान में नगर परिषद् मनाली में स्थापित सीवरेज ट्रीटमैंट प्लांट की कुल कितनी क्षमता और उत्पादकता है;

(ख) यह सत्य है कि इस प्लांट से निकलने वाली दुर्गन्ध के कारण आस-पास की आबादी का जीना दूभर हो गया है; और

(ग) यदि हां, तो क्या सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य और पर्यावरण विभाग ने इस दुर्गन्ध को कम करने और उत्पादकता बढ़ाने के लिए कोई (Electro Coagulation Technology) योजना बनाई है; ब्यौरा दें ?

----

## रोहड़ू में सीवरेज़ का कार्य

*1526 **श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहड़ू):**

क्या **शहरी विकास मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि रोहड़ू बाजार में सीवरेज़ का कार्य कब प्रारम्भ किया गया और इसकी अद्यतन स्थिति क्या है?

----

## अस्पतालों की सुरक्षा

*1527 **श्री सतपाल सिंह सत्ती (ऊना):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) वर्तमान में सरकारी अस्पतालों की सुरक्षा की जिम्मेवारी किसके अधीन है तथा इसमें कितने कर्मचारी कार्यरत हैं; और

(ख) सरकार क्या इन अस्पतालों की सुरक्षा का जिम्मा निजी क्षेत्र को देने का विचार रखती है; यदि हां, तो क्यों ?

----

## उठाऊ पेयजल योजनाओं हेतु धनराशि

*1528 **श्री हंस राज(चुराह) :**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी किः-

(क) वर्ष 2013-14 में प्रदेश में पेयजल योजनाओं पर कितनी धनराशि खर्च की गई; ब्यौरा चुनाव क्षेत्रवार दें;

(ख) चुराह विधान सभा क्षेत्र में कितनी योजनाओं को स्वीकृत किया गया; ब्यौरा नाम सहित दें; और

(ग) यह सत्य है कि वर्तमान में हिमगिरी, ऑयल, बणतर, चिह, पंझेई, तीसा, भंजराडू, तीसा 1st, खुशनगरी, थलीगडफ्री, लहसुई, भराड़ा, टिकरीगढ़ पंचायतों में पेयजल की समस्या चल रही है; यदि हां, तो सरकार इस समस्या को हल करने के लिए क्या-क्या पग उठा रही है; ब्यौरा दें?

----

## योजनाओं की अद्यतन स्थिति

*1529 **श्री विनोद कुमार (नाचन):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी किः-

(क) गत तीन वर्षों में नाचन विधान सभा चुनाव क्षेत्र के अन्तर्गत अनुसूचित जाति उप-योजना के अन्तर्गत कितनी पेयजल व सिंचाई योजनाएं डाली गई हैं; ब्यौरा नाम सहित दें; और

(ख) इन योजनाओं की अद्यतन स्थिति क्या है?

----

## हाइड्रोलोजिस्ट की भूमिका

*1530 **श्री बम्बर ठाकुर (बिलासपुर):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी किः-

(क) यह सत्य है कि हैंडपम्प लगाने हेतु हाइड्रोलोजिस्ट बोरिंग के समय हर जगह मौजूद नहीं होता है;

(ख) यदि हां, तो सम्बन्धित जे0ई0 को एम0बी0 भरने के लिए हाइड्रोलोजिस्ट की log-sheet के ऊपर क्यों निर्भर रहना पड़ता है; ब्यौरा दें; और

(ग) जब बोर का कार्य जे0ई0 की उपस्थिति में होता है तो क्या सरकार एम0बी0 भरने के लिए भी जे0ई0 को स्वतन्त्र करने का विचार रखती है?

----

## भूमि का आबंटन

***1531 श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू):**

क्या **वन मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) वर्तमान में सरकार ने वन संरक्षण अधिनियम के अन्तर्गत विभिन्न विकासात्मक कार्यों हेतु वांछित भूमि उपलब्ध करवाने हेतु कोई नीति निर्धारित की है; यदि हां, तो ब्यौरा दें;

(ख) इस कार्य हेतु क्या जिला स्तर व प्रदेश स्तर पर कमेटियों का गठन किया गया है; यदि हां, तो इस नीति के अन्तर्गत विभिन्न गठित समितियों को मामले निपटाने हेतु कितनी-कितनी समय सीमा निर्धारित की गई है; ब्यौरा दें; और

(ग) जिला कुल्लू में विकास कार्यों के कितने मामले किस-किस स्तर पर कब-कब से लम्बित हैं; प्रत्येक मामले का ब्यौरा विलम्ब के कारणों सहित दें ?

----

**शिमलाः 171004.** **सुन्दर सिंह वर्मा,**
**दिनांकः 25 फरवरी, 2015.** **सचिव।**